Need to provide Central Grant to State Governments for boring of five tube wells and installation of five electric poles in each village in the country:

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) महोदय, मध्य प्रदेश राज्य सहित समस्त राज्यों के किसानों की माली हालत को देखते हुए तथा उन्हें सिंचाई हेतु सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण अकाल सूखा पडने से रबी एवं खरीब की फसल सूख जाती है । चना, गेहूँ, तीवरा, अलसी, पसूर, करायत, धतिया, धनिया, गन्ना, ज्वार, धान, कुसुम की फसलों को पानी र्पयाप्त मात्रा में नहीं मिलने से लहराती फसल नट हो जाती है । किसान की हालत दिनोदिन बदतर होती जा रही है । ऋण से किसान दब चुका है । उन्हें दो फसली सिंचाई करने हेतु प्रत्येक गांव में पांच टयूबवेल खनन निशुल्क प्रदान की जाए।

टयूबवैल एवं विधुत के शत-प्रतिशत अनुदान के लिये केन्द्र सरकार स्वीकृति प्रदान करें।